कार्यालय नगर परिषद्, नागौर

न्यूज लेटर

<u>नगर परिषद्, नागौर द्वारा माह जुन, 2016 में निम्नलिखित विकास कार्य करवाये गये।</u>

बख्तासागर तालाब के पास निर्माणाधीन सड़क के दक्षिण की तरफ रिटेंनिंग वॉल का निर्माण कार्य करवाया जा रहा है एवं वार्ड संख्या 29 में शिवकरणजी रेगर के मकान से भीखारामजी के मकान तक इन्टरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्य करवाया जा रहा है एवं गाजी खाडा से वर्षा के पानी को पाईप लाईन बिछाकर अदुलिया बाड़ी की तरफ होते हुए आंधिया पीपल की खान की तरफ निकाला जा रहा है।

स्वच्छ भारत मिशन योजनान्तर्गत निर्मित सुलभ एवं सामूदायिक शौचालयो का श्रीमान जिला कलक्टर महोदय द्वारा भौतिक सत्यापन्न किया गया मौके पर पायी गयी कमियो के निस्तारण हेतु निर्देश दिये गये जिसके अनुसार कमियो का निस्तारण की कार्यवाही की जा रही है।

शहरी जल स्वावलम्बन योजनान्तर्गत नागौर शहर में स्थित प्राचीन बावड़ीयो के जीर्णोद्वार के सम्बन्ध में श्रीमान जिला कलक्टर महोदय नागौर द्वारा दिये गये निर्देशो की पालना में अमरसिंह छतरियो के पास स्थित बावड़ी के जीर्णोद्वार के लिए निविदा जारी की जा चुकी है एवं बड़ली स्थित प्राचीन बावड़ी का तकमीना बनाया गया जिसके टेण्डर की प्रक्रिया विचाराधीन है।